To,

**BSE LIMITED**
25th Floor, P J Towers,
Dalal Street,
Mumbai-400001, MH

**Date**: August 08, 2023

**Scrip Code: 532829**

**Sub: Newspaper Advertisement for Unaudited Financial Results of the Company for Quarter ended June 30, 2023 under Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

Dear Sir/Madam,

As required under Regulation 47(1)(b) of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed newspaper advertisement regarding Unaudited Financial Results of the Company for Quarter ended June 30, 2023 published in following newspapers on August 08, 2023:

- *Financial Express (English)*
- *Business Remedies (Hindi)*
- *Nafa Nuksan (Hindi)*

This is for your information and record.

Thanking You

*for* **Lehar Footwears Limited**

RITIKA PODDAR Digitally signed by RITIKA PODDAR Date: 2023.08.08 11:20:41 +05'30'

**RITIKA PODDAR**
**COMPANY SECRETARY & COMPLIANCE OFFICER**
**ICSI NO. A65615**
Encl. as above

## मंदी मुक्त और चिरस्थाई बिजनेस है आटे और मसाले का

# इस क्षेत्र में कार्यरत 'श्रीवरी स्पाइसेज एंड फूड्स लिमिटेड' के आईपीओ को निवेशकों से मिला शानदार समर्थन

### पहले दिन आईपीओ को मिला 9.47 गुना अभिदान

**बिजनेस रेमेडीज।** कोरोना महामारी के दौरान जब सभी प्रकार की निर्माण गतिविधियों पर रोक लगाई गई थी या अत्यधिक नियंत्रण के साथ संचालन करने की अनुमति थी। उस समय भी मसाला और आटा निर्माण की निर्माण इकाइयां सरकार की अनुमति से संचालित हो रही थी। 140 करोड़ लोगों के देश भारत में मसाला और आटा निर्माण एक ऐसा कारोबार है जो एक प्रकार से मंदी मुक्त और चिरस्थाई बिजनेस है। इस बिजनेस में क्वालिटी का ध्यान रखकर और समय पर प्रभावी डिलीवरी के माध्यम से ब्रांड को स्थापित किया जा सकता है। एक बार ब्रांड स्थापित होने के बाद उसके प्रति लोगों में विश्वास स्थाई हो जाता है। हैदराबाद आधारित 'श्रीवरी स्पाइसेज एंड फूड्स लिमिटेड' तेलंगाना-आंध्र प्रदेश में मसाले और आटा बिक्री करने वाली प्रमुख कंपनी है। कंपनी द्वारा कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं की पूर्ति एवं कॉरपोरेट आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर आईपीओ लाया गया है। कंपनी का आईपीओ खुल चुका है और 9 अगस्त 2023 तक निवेशक कंपनी के आईपीओ में आवेदन कर सकते हैं। पहले ही दिन कंपनी के आईपीओ को निवेशकों की ओर से शानदार समर्थन हासिल हुआ और आईपीओ को 9.47 गुना अभिदान मिला। आज के लेख में हम कंपनी की कारोबारी गतिविधियों के साथ इंडस्ट्री के डायनामिक्स को भी जानने का प्रयास करेंगे।

**यह करती है कंपनी:** वर्ष 2019 में 'श्रीवरी स्पाइसेज एंड फूड्स लिमिटेड' का इनकॉरपोरेशन हुआ था। श्रीवरी स्पाइसेस एंड फूड्स लिमिटेड मसाले और आटा (चक्की आटा) के निर्माण के व्यवसाय में लगी हुई है। कंपनी अपने उत्पादों की मार्केटिंग और बिक्री की प्रक्रिया भी करती है। कंपनी मुख्य रूप से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश और उसके आसपास अपना परिचालन संचालित करती है। श्रीवरी मसालों और खाद्य पदार्थों की उत्पाद श्रेणियां हैं - मसाले, मसाला और आटा।

इनमें विविध प्रकार के मसाला उत्पाद शामिल हैं। कंपनी द्वारा मसालों को 3000 से अधिक खुदरा दुकानों तक और साबुत गेहूं व शरबती आटे को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में 15000 से अधिक दुकानों तक पहुंचाया जाता है। श्रीवरी स्पाइसेस एंड फूड्स देश के विभिन्न हिस्सों से कच्चा माल मंगवाती है और उसके बाद अंतिम उत्पाद बनाने के लिए उसकी प्रोसेसिंग करती है। पूरी प्रक्रिया अत्यंत सावधानी से और आर्टिफिशियल प्रिजर्वेटिव या रसायनों के उपयोग के बिना निष्पादित की जाती है। इस तरह कंपनी ऑर्गेनिक मसाले और आटा बनाती है, जिसमें प्रत्येक घटक की ताजगी और अच्छी गुणवत्ता प्राप्त होती है। कंपनी अपने अंतिम उत्पादों को बेचने के लिए दो बिजनेस मॉडल के आधार पर कारोबार करती है।

1. सीधे ग्राहक तक (डी2सी)
2. व्यवसाय से व्यवसाय (बी2बी)

2021 में, बिजनेस मिंट द्वारा श्रीवरी मसालों को 'सर्वश्रेष्ठ उभरते मसाले ब्रांड 2021' के रूप में मान्यता दी गई थी। कंपनी की दो विनिर्माण सुविधाएं हैं। पहली उत्पादन सुविधा 2019 में तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के जलपल्ली गांव में स्थापित की गई थी, जहां से कंपनी ने पहली बार अपना प्राथमिक परिचालन शुरू किया था। दूसरी इकाई 2021 में रायकल गांव, फारूकनगर मंडल, रंगा रेड्डी जिला, तेलंगाना में स्थापित की गई थी।

**इंडस्ट्री के डायनामिक्स:** भारत दुनिया का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक राष्ट्र है और इसके साथ ही भारत मसाले का सबसे बड़ा ग्राहक व निर्यातक राष्ट्र भी है। 2022 में भारतीय मसाला बाजार का आकार 160,676 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। बाजार विशेषज्ञों को उम्मीद है कि 2028 तक मसाला बाजार 298,909 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा, जो 2022-2028 के दौरान 10.9% की सीएजीआर प्रदर्शित करेगा। देश में क्विक सर्विस रेस्टोरेंट बिजनेस के बढ़ने से मसालों की मांग निरंतर रूप से बढ़ रही है। दुनियाभर में फेमस कई प्रकार के स्वादिष्ट खाने भारतीयों में अपना स्थान बना रहे हैं और इसके चलते विशेष मसालों की मांग पैदा हो रही है। देश की जीडीपी में मसाला उद्योग का स्थान अहम है।

विशेषज्ञ संस्था का अनुमान है कि भारत में बैग में भरे गेहूं के आटे का बाजार 2016 और 2027 के बीच 21% से अधिक की चक्र वृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) से बढ़ेगा। 2022 में, दुनिया भर में गेहूं का आटा उद्योग 241.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था। विशेषज्ञों के अनुसार भारत का बैग में भरे गेहूं के आटे का बाजार करीब 25000 करोड़ रुपए का है।

सकारात्मक सूक्ष्म और व्यापक आर्थिक तत्वों के संयोजन ने बाजार विस्तार के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ बनाई हैं। इसके बावजूद, पैकेज्ड गेहूं के आटे का 90% से अधिक बाजार महानगरीय क्षेत्रों में केंद्रित है। भारत में पैकेज्ड गेहूं के आटे की मांग लगातार बढ़ रही है, और यह प्रवृत्ति जारी रहने की उम्मीद है, खासकर जब शीर्ष कंपनियां देश के ग्रामीण बाजार में अपनी पहुंच का विस्तार कर रही हैं। उक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि मसाला और बैग में पैक आटे का कारोबारी भविष्य उज्जवल है। इस स्थिति का फायदा 'श्रीवरी स्पाइसेज एंड फूड्स लिमिटेड' को भी मध्यम से दीर्घावधि में मिलेगा।

**वैल्यूएशन:** 31 मार्च 2023 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी की असेट 25.68 करो रुपए, नेटवर्थ 9.10 करोड रुपए, रिजर्व एवं सरप्लस 4.10 करोड़ रुपए और कुल कर्ज 12.83 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। वित्त वर्ष 2023 के ईपीएस 4.45 रुपए के आधार पर कंपनी का आईपीओ 9.43 के पीई मल्टीपल पर आ रहा है। कंपनी का बिजनेस हाई वॉल्यूम बिजनेस पर आधारित है। एफएमसीजी बिजनेस में ब्रांड क्रिएशन मुश्किल होता है लेकिन एक बार ब्रांड स्थापित होने के बाद लंबे समय तक कारोबार स्थाई बना रहता है।




कंपनी की बिक्री को देखते हुए लग रहा है कि कंपनी साल दर साल अच्छी ग्रोथ की है।

**आईपीओ को मिला शानदार समर्थन:** आईपीओ को खुलने के पहले दिन यानी कि 7 अगस्त 2023 को निवेशकों की ओर से अच्छा समर्थन हासिल हुआ और आईपीओ को कुल 9.47 गुना अभिदान हासिल हुआ। रिटेल निवेशकों की ओर से आईपीओ को अच्छा खासा समर्थन हासिल हुआ और इस कैटेगरी में आईपीओ को 16.84 गुना अभिदान हासिल हुआ। वही एनआईआई केटेगरी में आईपीओ को 6.64 गुना अभिदान और क्यूआईबी कैटेगरी में 1.23 गुना अभिदान हासिल हुआ। पहले दिन कंपनी द्वारा जारी किए गए 21,42,000 शेयरों के बदले कंपनी को कुल 1,45,53,000 शेयरों की गोलियां हासिल हुई।

**आईपीओ के संबंध में जानकारी:** 'श्रीवरी स्पाइसेज एंड फूड्स लिमिटेड' का आईपीओ एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर 9 अगस्त 2023 को बंद होगा। कंपनी द्वारा 10 रुपए फेसवैल्यू के 2142000 शेयर बुक बिल्ट इश्यू प्रणाली से 40 से 42 रुपए प्रति शेयर के भाव पर जारी कर 9 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। कंपनी के आईपीओ का मार्केट लॉट साइज 3000 शेयरों का है। आईपीओ का प्रबंधन प्रमुख लीड मैनेजर कंपनी जीवाईआर कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

**नोट: यह आर्टिकल मात्र सूचना के लिए प्रकाशित किया जा रहा है। इसे निवेश सलाह न समझा जाए।**


## एम. के. एक्जिम (इंडिया) लिमिटेड

CIN: L63040RJ1992PLC007111

पंजीकृत कार्यालय : G1/150, गारमेंट जोन, ई.पी.आई.पी. सीतापुरा, टोंक रोड, जयपुर -302022, राजस्थान

Phone: 0141-3937500, 3937501, Fax: +91-141-3937502

E-mail:complianceofficer@mkexim.com, Web-Site: www.mkexim.com

### वार्षिक आम बैठक का नोटिस और ई-वोटिंग की सूचना

सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की 31वीं वार्षिक आम बैठक **मंगलवार, 05 सितंबर, 2023** को सुबह 11:00 बजे IST पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) / अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से होगी, जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के तहत व्याख्यात्मक बयान के साथ संलग्न नोटिस के सामान्य और विशेष व्यवसाय का उल्लेख किया जा सकेगा। वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 103 के तहत कोरम के उद्देश्य के लिए गणना में शामिल किया जाएगा।

शेयरधारकों को यह सूचित किया जाता है कि कंपनी ने एजीएम के नोटिस और वित्त वर्ष 2022-23 के लिए स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय विवरण बोर्ड की रिपोर्ट के साथ, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और अन्य दस्तावेजों को संलग्न करना आवश्यक है, का कंपनी या डी.पी. या आर.टी.ए. के साथ पंजीकृत उनके पंजीकृत ई-मेल पते पर 07.08.2023 को प्रेषण पूरा कर लिया है। उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.mkexim.com पर भी उपलब्ध हैं।

**बुकक्लोजर**

कंपनी अधिनियम, 2013 के खंड 91 के अनुसार कंपनी प्रबंधन और प्रशासन नियम, 2014 के नियम 10 के अनुसार, कंपनी का सदस्य और शेयर हस्तांतरण पुस्तक **30.08.2023 से 05.09.2023 (दोनों दिनों के समावेशी)** तक बंद रहेगा।

**ई-वोटिंग**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और कंपनी प्रबंधन और प्रशासन नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी (सूची निर्धारण दायित्व और प्रकटीकरण की आवश्यकता) विनियम, 2015 के 44 नियम और सामान्य बैठक की एसएस -2, के तहत कंपनी अपने शेयर धारकों को नोटिस में उल्लिखित वार्षिक आम बैठक में लेनदेन किए जाने वाले सभी व्यवसाय/ संकल्प पर ई-वोटिंग प्रणाली का उपयोग करके अपना वोट डालने के लिए सीडीएसएल के माध्यम से ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है।

आगे शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें-

1. दूरस्थ ई-वोटिंग की अवधि **02.09.2023** को प्रातः **09:00** बजे से शुरू होती है और **04.09.2023** को शाम **5:00** बजे समाप्त होगी। इसके बाद दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा को सीडीएसएल द्वारा मतदान के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
2. दूरस्थ ई-वोटिंग के लिए कट-ऑफ की तारीख **29.08.2023** है।
3. बैठक के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा केवल उन्हीं अंशधारकों को उपलब्ध कराई जाएगी, जिनका नाम कट-ऑफ तारीख यानी **29.08.2023** को सदस्य के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए लाभार्थी के रजिस्टर में दर्ज किया गया है।
4. निवेशक जो नोटिस के प्रेषण के बाद कंपनी के सदस्य बन गए और कट-ऑफ की तारीख अर्थात 29.08.2023 के अनुसार शेयरों को रखते हैं, से अनुरोध किया जाता है कि ई-वोटिंग के लिए लॉगिन-आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए फोलियो नंबर / डीपीआईडी और क्लाइंट आईडी कंपनी को लिखित / ई-मेल संचार beetalrta@gmail.com पर भेज दें।
5. जिन शेयरधारकों ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट नहीं डाला है, वे वार्षिक आम बैठक के दौरान अपना वोट डाल सकते हैं।
6. शेयरधारक, जिन्होंने बैठक से पहले ई-वोटिंग कर के अपना वोट डाला है, वे वीसी के माध्यम से बैठक में भाग ले सकते हैं, लेकिन बैठक में अपना वोट दोबारा डालने का हकदार नहीं होगा।
7. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग इंस्ट्रक्शन के लिए, शेयरधारक को दिए गए बैठक की सूचना में दिए गए निर्देश के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कर सकता है।
8. अंशु पारिख, प्रोपराइटर अंशु पारिख एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव को ई-वोटिंग प्रक्रिया के पारदर्शी तरीके से संचालन के लिए स्क्रूटिनीज़र के रूप में नियुक्त किया गया है।
9. यदि आपके पास सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम से एजीएम और ई-वोटिंग में भाग लेने के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है तो, आप ई-मेल helpdesk.evoting@cdslindia.com लिख सकते हैं या 022-23058738 और 022-23058542/43 पर संपर्क कर सकते हैं।
10. कृपया समय पर संचार प्राप्त करने के लिए अपनी अद्यतन ईमेल आईडी कंपनी / आरटीए / अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ पंजीकृत रखें

कृते एम के एक्जिम (इंडिया) लिमिटेड
हस्ताक्षर/-
बाबूलाल शर्मा
कंपनी सचिव

स्थान : जयपुर
दिनांक : 07.08.2023



## नीलकंठ रॉक-मिनरल्स लिमिटेड

CIN: L14219RJ1988PLC062162

पंजीकृत कार्यालयः प्लैट नं. 606, योजना चोपासनी जागीर, खसरा नं. 175/74, प्लॉट नं. 15/16 जोधपुर, राजस्थान-342001

ई-मेलः info@neelrock.com , टेलिफोन नं. +0291-2631839

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के सपठित विनियम 47 के अनुपालन में, अन्य बातों के अलावा, 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के अन-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल की एक बैठक सोमवार 14 अगस्त, 2023 को पंजीकृत कार्यालय फ्लैट नंबर 606, स्कीम चोपासनी जागीर, खसरा नंबर 175/74, प्लॉट नंबर 15/16, जोधपुर, राजस्थान - 342001 में आयोजित की जाएगी।

निदेशक मंडल की आज्ञानुसार
नीलकंठ रॉक-मिनरल्स लिमिटेड के लिए
कृते/-
नोरतमल कंवर
प्रबंध निदेशक

दिनांकः 07.08.2023
स्थानः जोधपुर



## SAT INDUSTRIES LIMITED

CIN –L25199MH1984PLC034632

Regd. Office: 121, B - Wing, Mittal Tower, Nariman Point, Mumbai-400021, Maharashtra

E-mail: corporate@satgroup.in Website: www. satgroup.in Phone: 022-66107025

### EXTRACT OF THE UNAUDITED STANDALONE & CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2023

(Rs.in Lakhs)

| Sr. No. | PARTICULARS | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | Year Ended | Quarter ended | | Year Ended |
| | | 6/30/2023 | 6/30/2022 | 3/31/2023 | 6/30/2023 | 6/30/2022 | 3/31/2023 |
| | | Un-audited | Un-audited | Audited | Un-audited | Un-audited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 421.70 | 2143.65 | 11362.60 | 20365.81 | 11854.48 | 48178.15 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 7359.41 | 119.86 | 884.42 | 9024.55 | 1,453.12 | 5630.12 |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 7359.41 | 119.86 | 884.42 | 9024.55 | 1,453.12 | 5829.59 |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 5761.65 | 69.44 | 743.36 | 7034.16 | 1094.57 | 4505.88 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 5762.74 | 73.98 | 750.22 | 7031.15 | 1199.56 | 4746.36 |
| 6 | Equity Share Capital | 2261.70 | 2261.70 | 2261.70 | 2261.70 | 2261.70 | 2261.70 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | 9758.39 | | | 28490.18 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 2/- each) (for continuing and discontinued operations) Basic | 5.09 | 0.06 | 0.66 | 6.22 | 0.97 | 3.98 |
| | Diluted | 5.09 | 0.06 | 0.66 | 6.22 | 0.97 | 3.98 |

Note:
The above information is an extract of the detailed format of unaudited results for the quarter ended on June 30, 2023 filed with the BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the unaudited standalone and consolidated financial results for the first quarter ended June 30, 2023 are available on the Company website i.e www.satgroup.in and the Stock Exchanges websites (www.bseindia.com and www.nseindia.com).

By Order of the Board of Directors
of SAT INDUSTRIES LIMITED
Sd/-
Harikant Turgalia
Whole-time Director

Place: Mumbai
Date: 07-08-2023



## लहर फुटवियर्स लिमिटेड

CIN: L19201RJ1994PLC008196

पंजीकृत कार्यालय:ए-243(ए), रोड नंबर 6, वी.के.आई.एरिया, जयपुर 302013, फोन:0141-4157777,
वेबसाइट: www.leharfootwear.com, ई-मेल: csco@leharfootwear.com, info@leharfootwear.com

### 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए एकल अन-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

(ईपीएस के आंकड़ों को छोड़कर रुपए लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2023 अन-अंकेक्षित | 31.03.2023 अंकेक्षित | 30.06.2023 अन-अंकेक्षित | 31.03.2023 अंकेक्षित |
| 1. | परिचालनों से कुल आय | 6473.31 | 5038.58 | 3651.39 | 20216.41 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, असाधारण और या असाधारण वस्तुओं से पहले) | 304.45 | 233.6 | 38.51 | 652.44 |
| 3. | अवधि के लिए कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और या असाधारण वस्तुओं के बाद) | 304.45 | 233.6 | 38.51 | 652.44 |
| 4. | अवधि के लिए कर के बाद शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और या असाधारण वस्तुओं के बाद) | 228.83 | 171.4 | 28.82 | 512.99 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए (कर पश्चात) समावेशित लाभ/(हानि) और अन्य समावेशित आय (कर पश्चात) | 228.83 | 175.71 | 28.82 | 517.3 |
| 6. | समता अंश पूंजी | 1633.13 | 1566.48 | 1367.88 | 1566.48 |
| 7. | संरक्षित निधि (पुर्नमूल्यांकित संरक्षित निधि को छोड़कर) गत वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये गये अनुसार | 0 | 0 | 0 | 4762.92 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति )(नियमित एवं अनियमित संचालन के लिये) मूल | 1.45 | 1.22 | 0.21 | 3.72 |
| | तनुकृत | 1.45 | 1.22 | 0.21 | 3.72 |

टिप्पणियां:
क) उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दायर किए गए त्रैमासिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। त्रैमासिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट यानी www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.leharfootwear.com पर उपलब्ध है।
बी) उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई और 07 अगस्त 2023 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित की गई।
ग) खंड रिपोर्टिंग के प्रावधान लागू नहीं हैं।
घ) # - असाधारण और/या असाधारण वस्तुओं को इंड-एएस नियमों/एएस नियमों, जो भी लागू हो, के अनुसार लाभ और हानि के विवरण में समायोजित किया गया है।

के लिए और लहर फुटवियर्स लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से
कृते/-
नरेश कुमार अग्रवाल
(पूर्णकालिक निदेशक)
DIN:00106649

स्थानः जयपुर
दिनांक:7/08/2023



## मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय- 5-ओ-21, बेसमेंट, आर.सी. व्यास कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) भारत

वेबसाइटः www.mbapl.com ईमेलः Secretarial@mbapl.com; सीआईएनः L24121RJ1997PLC029126

दूरभाष नंबरः 01482-237104, फैक्स नंबरः 01482-239638

### 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए अन-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

[सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 का विनियम 47(1)(बी)]

(रुपए लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2023 | 31.03.2023 | 30.06.2023 | 31.03.2023 |
| | | अन-अंकेक्षित | अंकेक्षित | अन-अंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1. | परिचालनों से कुल आय | 15,008.78 | 23,498.00 | 21,308.81 | 98,723.91 |
| 2. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर एवं असाधारण वस्तुओं से पहले) | 1,242.60 | 3,404.00 | 4,060.42 | 17,616.90 |
| 3. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले एवं असाधारण वस्तुओं के बाद) | 1,242.60 | 3,404.00 | 4,060.42 | 17,616.90 |
| 4. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर एवं व्यापक आय के बाद) | 723.81 | 2,427.46 | 2,866.59 | 12,420.37 |
| 5. | कुल व्यापक आय (कर एवं अन्य व्यापक आय के बाद) | 723.81 | 2,423.39 | 2,866.59 | 12,416.30 |
| 6. | समता अंश पूंजी | 4,381.35 | 4,381.35 | 2,190.67 | 4,381.35 |
| 7. | अतिरिक्त अंश पूंजी | - | | | 28,457.14 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु.10/- प्रति का) (संचालन जारी रखने और बंद करने के लिये) 1. मूल | 1.65 | 5.54 | 6.54 | 28.35 |
| | 2. तरल | 1.65 | 5.54 | 6.54 | 28.35 |


टिप्पणियां:
क) 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के उपरोक्त अन-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और 7 अगस्त, 2023 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया। यें सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन हैं।
ख) उपरोक्त वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों ('इंड एस') के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 और अपठित तहत जारी प्रासंगिक नियमों में वर्णित है।
ग) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए विस्तृत वित्तीय परिणामों का सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.mbapl.com पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते
(सौरभ गुप्ता)
पूर्णकालिक निदेशक एवं सीएफओ
DIN: 07177647

स्थानः भीलवाड़ा
दिनांकः 7 अगस्त, 2023

## For Your Information...

**Countries with the highest volume of real time payment transactions in 2021**





1. India: 48,605 million
2. China: 18,549 million
3. Thailand: 9,734 million
4: Brazil: 8,691 million
5: South Korea: 7,351 million

(ACI)

Compiled by Nafanuksan Research

**यहां करें भ्रष्टाचार की शिकायत**

एसीबी टोल फ्री नंबर : 1064
वाट्सएप हेल्पलाइन नं. : 9413502834



## विचार सागर

*"इंसान का पहला धर्म इंसानियत होता है और इंसानियत का पन्ना खुलने पर ही गीता और कुरान का पन्ना खुलता है।"*

- पी.सी. वर्मा

*"आप अपनी सोच बदल दीजिए, आपकी दुनिया बदल जाएगी।"*

- सांवरमल सराफ

## Thoughts of the time

If private business should be supervised in the public interest, government, when it assumes a business role, is in equal need of supervision.

-James A. Fulton

knowledge speaks but wisdom listens.

- Suresh Rathi

## राजस्थानी कहावत

**गाडी लीक सो गाडै लीक**

**गाड़ी लीक सो गाड़ा लीक**

- छोटी गाड़ी की लीक मंडित है तो उस पर बड़ी गाड़ी भी चल सकती है युवक नया रास्ता बनाएं तो उस पर आने वाली पीढ़ियां भी चल सकती है।

*-स्व. विजय दान देथा*
*साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा*

# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक 24×7 वीडियो बैंकिंग सेवा प्रदान करने वाला देश का पहला बैंक बना



**जयपुर/का.सं.।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने बैंकिंग सेवाओं में एक क्रांतिकारी पहल की है। एयू बैंक 24×7 वीडियो बैंकिंग सेवा प्रदान करने वाला देश का पहला बैंक बन गया है, जो ग्राहकों को किसी भी समय, किसी भी स्थान से सप्ताह के सातों दिन वीडियो द्वारा ब्रांच जैसा अनुभव देकर 24×7 बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेगा। यह सेवा आमने-सामने बातचीत जैसी सुविधा वाला एक ऐसा वर्चुअल मंच प्रदान करती है, जहां ग्राहक वीडियो कॉल के माध्यम से कभी भी कहीं भी वीडियो बैंकर के साथ बातचीत कर सकते हैं। एयू बैंक ने उन्नत एन्क्रिप्शन, एआई-आधारित चेहरे की पहचान, ओटीपी और हस्ताक्षर सत्यापन और वीडियो सत्यापन के साथ उच्चतम मानक स्थापित किए हैं। प्रत्येक लेन-देन (ट्रांजेक्शन) और गोपनीय जानकारी को सावधानी-पूर्वक सुरक्षित रखा जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि ग्राहक अत्यंत भरोसे के साथ इस मंच से जुड़ सकें। एयू बैंक के ग्राहक अब किसी भी समय सेवाएं पाने की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं जैसे की रीयल टाइम अकाउंट सपोर्ट, किसी भी प्रकार की डेमोग्राफिक अपडेट, परेशानी मुक्त वित्तीय लेनदेन, आसान लोन और क्रेडिट कार्ड संबन्धित जानकारी और सभी बैंकिंग रिलेशनशिप से संबंधित बेहतर समस्या समाधान। एयू बैंक के कार्यकारी निदेशक उत्तम टिबरेवाल ने बताया कि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का चौबीसों घंटे वीडियो बैंकिंग में प्रवेश आधुनिक बैंकिंग में एक आदर्श बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। इस डिजिटल युग में हम आसान बैंकिंग पहुंच और सुविधा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाकर अपने ग्राहकों को सशक्त बना रहे हैं।

## राजस्थान को मिला बेस्ट हेरिटेज टूरिज्म डेस्टिनेशन ऑफ द ईयर अवार्ड



**जयपुर/का.सं.।** विश्व पटल पर राजस्थान अपनी कला-संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत, धार्मिक स्थलों, प्रसिद्ध मंदिरों, प्राचीन दुर्गों, महलों, स्वादिष्ट व्यंजन, प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है। देश-दुनिया में विशेष पहचान रखने वाले राजस्थान को बेस्ट हेरिटेज टूरिज्म डेस्टिनेशन ऑफ द ईयर अवार्ड से नवाजा गया है। चेन्नई में आयोजित तीन दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल ट्रेवल मार्ट में राजस्थान को पर्यटन विभाग के प्रतिनिधित्व में 'वर्ष का सर्वश्रेष्ठ विरासत स्थल' पुरस्कार के लिए चुना गया। समारोह में पर्यटन विभाग की तरफ से उप निदेशक अजय शर्मा व पर्यटक अधिकारी सिराज कुरेशी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

## सीए स्टूडेंट्स टैलेंट सर्च का आयोजन



**बीकानेर/नि.सं.।** द इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की बीकानेर ब्रांच में सीए विद्यार्थियों की ब्रांच लेवल की क्वीज व डीबेट प्रतियोगिता हुई। सीकासा अध्यक्ष सीए मुकेश शर्मा ने बताया कि प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में 5 टीमों ने और डिबेट में पक्ष व विपक्ष में विद्यार्थियों ने भाग लिया। अध्यक्ष सीए राहुल पचीसिया ने कहा कि ब्रांच लेवल पर विजेता क्षेत्रीय परिषद में भाग लेने जाएंगे। प्रतियोगिता में निर्णायक सीए प्रवीण सोनी, सीए शारदा व्यास व सीए रचना रंगा थे। डीबेट प्रतियोगिता में पक्ष की ओर से निलेश बंग व विपक्ष की ओर से लखन करनाणी विजेता रहे। वहीं क्वीज प्रतियोगिता में गौरव जैन व मुदित बोथरा विजेता रहे।

## करण ऑटोमोबाइल ने वर्षगांठ पर दी सौगात

**बीकानेर/नि.सं.।** ग्राहकों को संतुष्टि मिले और अच्छी सेवाएं मिले, यही करण ऑटो मोबाइल का उद्देश्य है। 19 वर्षों से कंपनी ने बीकानेर की जनता को बेहतरीन सेवाएं प्रदान की है और यही विश्वास भविष्य में भी कायम रहेगा। यह बात करण ऑटो मोबाइल के जनरल मैनेजर पवन पारीक ने कंपनी की 19वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में आयोजित समारोह में कही। पारीक ने बताया कि वर्षगांठ पर ब्रांच द्वारा अनेक ऑफर ग्राहकों को दिए जा रहे हैं। इस दौरान पंकज शर्मा, अरविंद वर्मा, मनीष जोशी और भावेश बैगानी आदि मौजूद रहे। शोरूम मैनेजर सचिन जांगिड़ व पवन पारीक ने आभार जताया।

# पाइप लाइन से गैस आपूर्ति के लिए खारा और गजनेर में बनाए जाएंगे दो स्टेशन

**बीकानेर/निजी संवाददाता**

बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया एवं सचिव वीरेंद्र किराडू ने रीको लिमिटेड एवं फिक्की की ओर से जयपुर के होटल आईटीसी राजपुताना में गैस आधारित उद्योगों के लाभ और अवसरों पर आयोजित कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने बताया कि प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राजस्थान पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा अक्षय ऊर्जा दोनों ही तरह के ऊर्जा क्षेत्रों में प्रमुख स्थान रखता है।

सचिव वीनू गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में 80 प्रकार के मिनरल्स है। विभिन्न उद्योगों और निवेशकों को राजस्थान में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। रीको प्रबंध निदेशक सुधीर शर्मा ने बताया कि यह कॉन्फ्रेंस निवेशकों को यह समझाने में मदद करेगी कि राजस्थान में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के संसाधनों को ईंधन के रूप में प्राकृतिक गैस का उपयोग करके कैसे और अधिक लाभप्रद और मूल्यसंवर्धित बनाया जा सकता है।

**उद्योगों के विकास को मिलेगी गति**



कॉन्फ्रेंस के पश्चत गैस आधारित उद्योगों के भविष्य पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रीको के प्रबंध निदेशक शर्मा ने बताया कि बीकानेर में गैस पाइप लाइन स्वीकृत हो चुकी है। उद्योगों का गैस पाइप लाइन से जुड़ाव हो जाने से बहुआयामी विकास देखने को मिलेगा। गैस सप्लाई करने के लिए खारा और गजनेर में दो स्टेशन बनाए जाएंगे। नेचुरल गैस प्लांट लगने से सिरेमिक्सए फूड और वूलन इंडस्ट्री को फायदा होगा। इससे सिरेमिक्स उद्योग काफी पनपेगा, क्योंकि वर्तमान में टाइल्स बनाने के लिए कच्चा माल बीकानेर से मौरवी जाता है। ऐसे में सस्ता ईंधन मिलने की दशा में टाइल्स का कारोबार बीकानेर में बड़े स्तर पर हो सकेगा। साथ ही बीकानेर वूड तथा वूलन का भी हब है। इससे इंडस्ट्री को सस्ता ईंधन उपलब्ध हो सकेगा। प्राकृतिक गैस एलपीजी की तुलना में 30 फीसदी सस्ती और सुरक्षित एवं प्रदूषण रहित है।

# मित्तल आईसीएआई नॉर्दन इंडिया रीजनल काउंसिल के चेयरमैन बने




**कोटा/निजी संवाददाता**

द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के नॉर्दन इंडिया रीजनल काउंसिल की 64वीं वार्षिक साधारण सभा नई दिल्ली में आयोजित हुई, जिसमें कोटा संभाग से एसएन मित्तल को चेयरमैन एवं राकेश यादव को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया।

कोटा चैप्टर के चेयरमैन आकाश अग्रवाल ने बताया कि दी इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के नॉर्दन इंडिया रीजनल काउंसिल, जिसमें हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख आते हैं। रीजनल काउंसिल (2023-27) की प्रथम काउंसिल मीटिंग में वर्ष 2023-24 के लिए कोटा के एसएन मित्तल चेयरमैन, राकेश यादव वाइस चेयरमैन, संतोष पंत सचिव, माधुरी कश्यप कोषाध्यक्ष के साथ हनी सिंह, मनीष कांडपाल व जीवन चंद्रा को सदस्य बनाया गया। कोटा संभाग से मित्तल पहले सीएमए हैं, जिन्होंने काउंसिल में जीत हासिल की है तथा प्रथम वर्ष में नॉर्दन रीजन चेयरमैन बने है। इन दोनों की जीत से राजस्थान में सीएमए के कोर्स एवं रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी होगी। टीम कोटा चैप्टर की ओर से सीएमए भवन, कोटा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

## INA सोलर को लीडरशिप एक्सीलेंस अवार्ड-2023




**जयपुर।** राजस्थान की प्रतिष्ठित सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इंसोलेशन एनर्जी लिमिटेड (INA सोलर) को ईटी लीडरशिप एक्सीलेंस अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड ग्रुप के चेयरमैन मनीष गुप्ता, नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पायल गुप्ता एवं मार्केटिंग हेड देवेश खंडेलवाल को राज्यपाल कलराज मिश्र और मिस यूनिवर्स 2021 हरनाज कौर संधू ने प्रदान किया। चेयरमैन मनीष गुप्ता ने अवार्ड के लिए इंसोलेशन परिवार, अपने सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स और डीलर्स का आभार व्यक्त किया है। गुप्ता ने बताया कि आईएनए सोलर विभिन्न आकारों में उच्च दक्षता के सोलर पैनल, बैटरी और इनवर्टर के निर्माण का व्यवसाय करती है।



# निर्माण, उपकरण निर्माताओं ने उद्योग के लिए पीएलआई योजना की मांग की

**नयी दिल्ली/एजेंसी**

निर्माण उपकरण (सीई) विनिर्माताओं ने अपने क्षेत्र के लिए सरकार से उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की मांग की है। उद्योग निकाय आईसीईएमए के अध्यक्ष दिमित्रोव कृष्णन ने कहा, पीएलआई योजना की शुरुआत उद्योग के लोगों के लिए समान अवसर प्रदान करेगी।

भारतीय निर्माण उपकरण विनिर्माता संघ (आईसीईएमए) क्षेत्र में चुनौतियों की पहचान करने और समाधान पर काम करने के लिए हितधारकों और सरकार के साथ मिलकर काम करता है।

सरकार ने 2021 में दूरसंचार, बड़े इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, कपड़ा, चिकित्सा उपकरणों, ऑटोमोबाइल, विशेष इस्पात, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन सेल बैटरी, ड्रोन और फार्मा जैसे 14 क्षेत्रों के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएलआई योजना की घोषणा की थी।

कृष्णन ने कहा, पीएलआई योजना ने इन उद्योगों को बढ़ावा दिया है। हमारा उद्योग सरकार से पीएलआई योजना के लिए अनुरोध करता है। हम इस्पात संयंत्रों की स्थापना, निर्माण और बुनियादी ढांचे, सड़कों और राजमार्गों, खनन जैसे पूंजी गहन उद्योगों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि सीई उद्योग ने पहले ही सरकार के पास पीएलआई योजना का प्रस्ताव भेजा है, जिसका लक्ष्य भारत में भारी मशीनरी के विनिर्माण को बढ़ावा देना और खनन परियोजनाओं के लिए कौशल प्रमाण पत्र को अनिवार्य करना है।

# भारतीय रुपया में कारोबारी लेनदेन से भारत-बांग्लादेश के द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा : सीआईआई

**नयी दिल्ली/एजेंसी**

भारत और बांग्लादेश के बीच भारतीय रुपया में कोराबारी लेनदेन को बढ़ावा देने से लागत कम होगी और इससे द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

निर्यात-आयात बैंक (ईएक्सआईम) पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की राष्ट्रीय समिति के सदस्य संजय बुधिया ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के तहत सभी निर्यात व आयात और कारोबारी लेनदेन को भारतीय रुपये किया जा सकता है। इससे अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम होगी और क्षेत्रीय मुद्रा तथा व्यापार को मजबूत करने के अलावा विदेशी मुद्रा भंडार की कमी जैसी स्थितियों का समाधान होगा।

बांग्लादेश और भारत ने जुलाई में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने तथा क्षेत्रीय मुद्रा व व्यापार को मजबूत करने के मकसद से रुपये में व्यापार संबंधी लेनदेन शुरू किया था।

यह पहला मौका है जब बांग्लादेश अमेरिकी डॉलर के अलावा किसी विदेशी मुद्रा में द्विपक्षीय व्यापार कर रहा है।

बुधिया ने कहा, ''यह निश्चित रूप से राष्ट्रों के बीच व्यापार की वृद्धि को बढ़ावा देगा। यह वैश्विक व्यापारिक समुदाय के बीच भारतीय मुद्रा की बढ़ती रुचि का समर्थन करेगा।''

उन्होंने कहा कि इस समझौते से देशों के बीच व्यापार के दौरान लेन-देन की लागत कम होगी जिससे बांग्लादेश में भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

सीआईआई की राष्ट्रीय समिति के सदस्य संजय बुधिया ने कहा कि बांग्लादेश वर्तमान में विदेशी मुद्रा भंडार की कमी का सामना कर रहा है और भारतीय मुद्रा (आईएनआर) में व्यापारिक लेनदेन के प्रावधान से इस स्थिति से निपटने में उसे काफी मदद मिलेगी जिसके परिणामस्वरूप भारत से आयात की मांग बढ़ेगी।

संजय बुधिया ने कहा, '' सीमा पार लेनदेन के माध्यम से भारत और बांग्लादेश के बीच पहले से ही महत्वपूर्ण आर्थिक संबंधों को और बढ़ाने में मदद मिलेगी।''

# नीति आयोग इंजीनियरिंग, चमड़ा, कपड़ा उद्योगों से जुड़े कर मुद्दों पर कर रहा गौर

**नयी दिल्ली/एजेंसी**

नीति आयोग इंजीनियरिंग, चमड़ा और कपड़ा क्षेत्रों में तैयार माल के मुकाबले कच्चे माल पर कम शुल्क लगाने समेत कर से जुड़े मुद्दों पर गौर कर रहा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों की वृद्धि को बढ़ावा देने के लिये मामले के समाधन को लेकर इसे उच्च प्राधिकरणों के समक्ष रखा जा सकता है।

चमड़ा और इंजीनियरिंग क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने कहा कि उन्होंने नीति आयोग के साथ जीएसटी (माल एवं सेवा कर) और उलट शुल्क ढांचे यानी कच्चे माल के मुकाबले तैयार उत्पादों पर अधिक शुल्क लगाने से संबंधित मुद्दों की एक सूची साझा की है।

उद्योग के एक अधिकारी ने कहा, ''हम उम्मीद करते हैं कि सरकार उन मुद्दों को हल करेगी क्योंकि इससे देश से विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।''

चमड़ा क्षेत्र ने वेट ब्ल्यू (नमी वाला क्रोम-टैन्ड चमड़ा), क्रस्ट (वैसा चमड़ा




जिसे टैनिंग के बाद सुखाया जाता है लेकिन रंगा नहीं गया है) और तैयार चमड़े के आयात पर बुनियादी सीमा शुल्क की बहाली की सिफारिश की है।

यह कदम महत्वपूर्ण है क्योंकि ये तीनों क्षेत्र श्रम प्रधान हैं और देश के वस्तु निर्यात में इनका महत्वपूर्ण योगदान है।

चमड़ा और जूता उद्योग में 44.2 लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है। वित्त वर्ष 2022-23 में इसका निर्यात 5.26 अरब डॉलर था।

पिछले वित्त वर्ष में इंजीनियरिंग निर्यात कुल मिलाकर 107 अरब डॉलर था, जबकि कपड़ा क्षेत्र का निर्यात उस दौरान लगभग 36 अरब डॉलर था।

# महंगाई भत्ता तीन प्रतिशत बढ़ाकर 45 प्रतिशत कर सकती है केंद्र सरकार

**नयी दिल्ली/एजेंसी**



केंद्र सरकार अपने एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता (डीए) सहमत फार्मूले के तहत तीन प्रतिशत बढ़ाकर 45 प्रतिशत कर सकती है। इस समय डीए 42 प्रतिशत है। कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता हर महीने श्रम ब्यूरो द्वारा जारी किए जाने वाले औद्योगिक श्रमिकों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) के आधार पर तय किया जाता है। श्रम ब्यूरो, श्रम मंत्रालय की एक शाखा है। ऑल इंडिया रेलवेमेन फेडरेशन के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने कहा, जून 2023 के लिए सीपीआई-आईडब्ल्यू 31 जुलाई, 2023 को जारी किया गया था। हम महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकती है। इसके 45 प्रतिशत होने की संभावना है। उन्होंने आगे बताया कि वित्त मंत्रालय का व्यय विभाग अपने राजस्व निहितार्थ के साथ डीए में बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार करेगा और प्रस्ताव को मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखेगा। डीए बढ़ोतरी एक जुलाई 2023 से प्रभावी होगी। फिलहाल केंद्र सरकार के एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को 42 फीसदी महंगाई भत्ता मिल रहा है। डीए में आखिरी संशोधन 24 मार्च 2023 को किया था और यह एक जनवरी 2023 से प्रभावी हुआ था।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म **मैसर्स ओसवाल इंडस्ट्रीज** रजि. ऑफिस **A-189 B रोड नं. 1 D, V.K.I. एरिया जयपुर** पंजीयन संख्या 2033/77 दिनांक 03.08.1977 है, जिसमें दो पार्टनर **घेवर चन्द जैन** और **अचरज कुमारी जैन** है। अचरज कुमारी जैन दिनांक 20.05.2023 को फर्म से रिटायरमेन्ट हो गयी है। उसकी जगह **विमलचन्द जैन** नया पार्टनर नियुक्त किया गया है। यदि किसी को आपत्ति हो तो जिला उद्योग केन्द्र जयपुर (शहर) में सात दिवस में आपत्ति दर्ज करा दे।

**मैसर्स ओसवाल इंडस्ट्रीज**

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, नगर खण्ड तृतीय (उत्तर), ब्रह्मपुरी थाने के पीछे आमेर रोड, जयपुर**

E-mail : eecity3.jai.phed@rajasthan.gov.in दूरभाष सं.: 0141-2670465
क्रमांक :-अ.अ./न ख III (उ.)/2023-24/1151-64 दिनांक :- 03.08.2023

**निविदा सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पंजीकृत संवेदकों जो राजस्थान सरकारके नियमानुसार अधिकृत हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाइन निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक संवेदक ई-निविदा में भाग लेने हेतु अपने डिजिटल हस्ताक्षर (डीएससी) http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। निविदा संबंधित विवरण निम्नलिखित वैबसाईट पर देख सकते हैं।
1. http://www.eproc.rajasthan.gov.in (Online) (2) http://sppp.rajasthan.gov.in

| S.No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 16/2023-24 | PHE2324WSOB05842 |
| 2 | 17/2023-24 | PHE2324WSOB05844 |

**(निशा शर्मा)**
**अधिशाषी अभियंता,** जन स्वा. अभि. विभाग, नगर खण्ड तृतीय (उत्तर), जयपुर।

DIPR/C/11612/2023

**लहर फुटवियर्स लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : ए-243 (ए), रोड़ न. 6, वीकेआई एरिया, जयपुर 302013, फोन : 0141-4157777 वेबसाइट : www.leharfootwear.com,
ई-मेल : csco@leharfootwear.com, info@leharfootwear.com, सीआईएन : : LI9201RJ1994PLC008196

**30 जून 2023 को तिमाही के लिए अनअंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सार**

(रू. लाखों, में प्रति अंश को छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | समाप्त वित्त वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2023 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) | 30.06.2022 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) |
| 1. | परिचालनों से कुल आय | 6473.31 | 5038.58 | 3651.39 | 20216.41 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध मुनाफा/(हानि) (कर, असामान्य तथा/या असाधारण मदों से पूर्व) | 304.45 | 233.6 | 38.51 | 652.44 |
| 3. | अवधि के लिए कर पूर्व शुद्ध मुनाफा/(हानि) (असामान्य तथा/या असाधारण मदों के पश्चात) | 304.45 | 233.6 | 38.51 | 652.44 |
| 4. | अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध मुनाफा/(हानि) (असामान्य तथा/या असाधारण मदों के पश्चात) | 228.83 | 171.4 | 28.82 | 512.99 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आमदनी (अवधि के लिए (कर पश्चात) मुनाफा/(हानि) युक्त) तथा अन्य व्यापक आमदनी (कर पश्चात)) | 228.83 | 175.71 | 28.82 | 517.3 |
| 6. | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी | 1633.13 | 1566.48 | 1367.88 | 1566.48 |
| 7. | पिछले वर्ष की बेलेंसशीट के अनुसार रिजर्व, रीवेल्यूएशन रिजर्व के अलावा | 0 | 0 | 0 | 4762.92 |
| 8. | प्रति शेयर आय (10/- प्रत्येक का) (जारी तथा स्थगित परिचालनों हेतु) बेसिक: (रुपये में) डायलूटेड: (रुपये में) | 1.45<br>1.45 | 1.22<br>1.22 | 0.21<br>0.21 | 3.72<br>3.72 |

**टिप्पणियां: (क)** उपरोक्त तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है, जो सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनिमय, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किया गया है। तिमाही वित्तीय परिणाम का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.leharfootwear.com पर उपलब्ध है। **(ख)** उपरोक्त वित्तीय परिणाम की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई और निदेशक मंडल द्वारा 7 अगस्त 2023 को हुई अपनी बैठक में अनुमोदन किया गया। **(ग)** कंपनी मुख्य रूप से एक व्यवसाय खंड में कार्यरत है, जिसका नाम फुटवियर है, इसलिए, खंड रिपोर्टिंग के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। **(घ) #-** इंड-एएस नियम/एएस नियम, जो भी लागू हो, के अनुसार लाभ हानि खाते में असाधारण मद के आंकड़ों को समायोजित किया गया है।

**निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से**
**लहर फुटवियर्स लिमिटेड**
कृते/-
**नरेश कुमार अग्रवाल (पूर्णकालिक निदेशक)**
**DIN : 00106649**

**स्थान : जयपुर**
**दिनांक : 07/08/2023**

CMYK